## खबर संक्षेप

### द्वारिकाधीश यात्रा के लिए चयनित यात्रियों को टिकट वितरित किए

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत आगामी 5 अक्टूबर को श्री द्वारिकाजी तीर्थ यात्रा के लिए लॉटरी प्रक्रिया द्वारा 300 तीर्थयात्रियों का चयन किया गया है। चयनित सभी तीर्थयात्रियों को सूचित किया गया है कि वे प्रदत्त टिकट, पासपोर्ट साइज फोटो और मूल आधार कार्ड सहित 5 अक्टूबर को सायं 08:30 बजे तक प्लेटफार्म नंबर 01 पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। यात्रा की समय सारणी आईआरसीटीसी द्वारा जारी की गई है जो संबंधितों को उपलब्ध कराई गई है। साथ ही यात्रियों से अपेक्षा की गई है कि वे मौसम के अनुसार वस्त्र, उनी कपड़े, और व्यक्तिगत उपयोग की आवश्यक सामग्री जैसे कंबल, चादर, तौलिया, साबुन, कंघा, दवाइयां, शेविंग किट आदि साथ रखें। तीर्थयात्रियों के लिए यह भी अनिवार्य किया गया है कि वे मूल आधार कार्ड अथवा मतदाता परिचय पत्र अवश्य साथ रखें।

### कमिश्नर-कलेक्टर कांफ्रेंस 7 और 8 अक्टूबर को

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 7 एवं 8 अक्टूबर को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होने वाली कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस संबंधी दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। विषय संयोजक को प्रस्तुति के लिए अधिकतम 20 मिनट मिलेंगे और प्रत्येक क्षेत्र में राज्य सरकार की प्राथमिकताएं बतायी जायेंगी। राज्य सरकार के विजन के अनुरूप केन्द्र और राज्य सरकार की क्षेत्रीय प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ 5 और कमजोर 5 जिलों की समीक्षा की जायेगी। कांफ्रेंस में कलेक्टरों के सुझावों पर ध्यान केन्द्रित कर आने वाली विशिष्ट समस्याएं और मुद्दे तथा जिला स्तर पर उस क्षेत्र के साथ अन्य किसी क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए नवाचार पर चर्चा की जायेगी। मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय और योजना विभाग चुनिंदा कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और नवाचार तथा जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर सार्वजनिक संवाद (जनसंवाद) वीसी के माध्यम से इच्छित परिणाम प्राप्ति पर चर्चा होगी। जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर रोजगार सृजन, लोगों के लिए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तक आसान पहुंच और पहलों के बारे में जागरूकता पर चर्चा होगी। सभी 8 सेक्टरों के लिए 75 मिनट का सत्र समय रखा गया है।

### हार्टिकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत प्रविष्टियां आमंत्रित

**सागर।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा बागवानी उत्पादों के उत्पादन, गुणवत्ता, मूल्य संवर्धन एवं विपणन को प्रोत्साहित कर किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से हार्टिकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत मल्टी कमोडिटी हाई वैल्यू क्लस्टर व पैरी अरबन क्लस्टर की पहचान व विकास का प्रावधान किया गया है। इस योजना में मुख्य उद्यानिकी फसलें जैसे टमाटर, प्याज, आलू, खीरा, पत्तागोभी, फूलगोभी, भिंडी, बैगन, कद्दूवर्गीय, नींबूवर्गी, लहसुन, धनिया इत्यादि तथा वैकल्पिक फसलें जैसे स्क्वैश, कटहल, बीन्स, सुरजना एवं चुकंदर आदि को चयनित किया गया है। एफपीओ, एफपीसी, सहकारी समितियां, संगठन और पार्टनरशिप फर्म क्लस्टर निर्माण की कार्यान्वयन एजेन्सी के रूप में कार्य करने के लिए पात्र हैं।उप संचालक उद्यान पी.एस. बडोले ने बताया कि इच्छुक फर्म का गेट मूल्य 100 करोड़ रूपए तक होना चाहिए तथा परियोजना लागत का 20 प्रतिशत स्वयं वहन करना होगा। इसके लिए पात्र संस्थाओं से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं।

संभाग कमिश्नर ने ग्रामों में पहुंच कर ली जानकारी, किसान भाइयों के साथ किया संवाद

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान सभी पशुपालकों को पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार की दे जानकारीः संभाग कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भावांतर योजना में शत-प्रतिशत किसानों के पंजीयन कराएं एवं दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान में सभी पशुपालकों को पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार की जानकारी भी दे। उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने ग्रामों में पहुंच कर किसान भाइयों से संवाद करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने आज सागर जिले के रहली विकासखंड के पटना बुजुर्ग, बरखेड़ा, समनापुर पहुंच कर भावांतर योजना के अंतर्गत किसान भाइयों के पंजीयन एवं दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के अंतर्गत पशुपालकों एवं किसान भाइयों से चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के अंतर्गत सभी पशुपालकों को पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार की जानकारी दे।

संभाग कमिश्नर सुचारी ने कहा कि अभियान के अंतर्गत पहले चरण में 10 या 10 से अधिक गोवंश रखने वाले पशुपालकों से संपर्क किया जाए। दूसरे चरण में 5 या अधिक गोवंश रखने वाले पशुपालकों और तीसरे चरण में 5 या कम गोवंश रखने वाले पशुपालकों से संपर्क किया जाए। अभियान के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी/ मैत्री द्वारा पशुपालकों से घर जाकर मुलाकात की जाए और उन्हें पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के संबंध में बताया जाएगा। यह अभियान 9 अक्टूबर तक चलेगा।

सुचारी ने भावांतर योजना के अंतर्गत निर्देश दिए कि सभी किसान भाई जिन्होंने सोयाबीन का उत्पादन किया है वे सोयाबीन विक्रय के लिए पंजीयन कराएं। उन्होंने किसान भाइयों से कहा कि यह योजना आपके हित के लिए है और इससे आपकी उपज का सही मूल्य आपको मिल सकेगा। उन्होंने सभी किसान भाइयों से अपील की कि आप सेवा सहकारी समितियां ,सीएससी, एमपी ऑनलाइन केंद्रों से अपना पंजीयन कराएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की भावांतर योजना की जानकारी सभी किसान भाइयों तक पहुंचे इसके लिए अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें। संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने पटना बुजुर्ग में मंजुल मिश्रा, पंकज जैन, बरखेड़ा में आनंद यादव एवं समनापुर में सुनील जैन से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान एवं भावांतर योजना की जानकारी दी एवं उनसे विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर एसडीएम कुलदीप पाराशर, पशु चिकित्सा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।





## 11 आंगनबाड़ी केंद्रों में नवनियुक्त सहायिकाओं व कार्यकर्ताओं के नियुक्ति पत्र वितरित किए

**सागर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की खुरई विकासखण्ड की परियोजना अंतर्गत विभिन्न सेक्टरों के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों पर नवनियुक्त 10 सहायिकाओं व एक कार्यकर्ता के नियुक्ति पत्रों का वितरण पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। परियोजना अधिकारी वर्षा रघुवंशी ने बताया कि पोर्टल पर जारी अनन्तिम सूची में आपत्ति विहीन केंद्रों की 11 नियुक्तियों की सूची जारी कर दी गई है। इसमें से आज उपस्थित जमुनिया धीरज केंद्र में नवनियुक्त अंजू गौंड़ सहायिका, कनेरा गौड़ अंगूरी गौंड़ सहायिका, पड़रई पार्वती कुशवाह सहायिका, रूसल्ला दीक्षा कुर्मी सहायिका, बारधा 23 से शिवानी अहिरवार सहायिका, मढ़ना सुल्तान अंजलि अहिरवार सहायिका, भुगावली चांदनी चढ़ार सहायिका तथा जामुनखेड़ी वंदना दांगी सहायिका को पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के हाथों से नियुक्ति पत्र मिले। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सभी नवनियुक्त कार्यकर्ता/सहायिका बहिनों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। साथ ही यह संदेश दिया कि पूरी संवेदनशीलता व सेवा भावना के साथ अपने कार्य क्षेत्र के सभी महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण का विशेष ध्यान रखें। आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुलें व विभाग द्वारा दवाइयां, खाद्य सामग्री उचित रूप से वितरित हो ताकि हितग्राहियों को लाभ मिल सके।



## 720 समोषरण विधान में अंकुर कॉलोनी समाज के द्वारा द्रव्य भेंट की गई

**सागर।** विद्योदय जैन तीर्थ में चल रहे 720 समोषरण विधान में अंकुर कॉलोनी जैन समाज द्वारा द्रव्य भेंट की गई। मंदिर कमेटी अध्यक्ष अषोक जैन पटवारी द्वारा बताया गया कि भारत के इतिहास में प्रथम बार 720 समोषरण विधान पूरी भव्यता के साथ हो रहा है। जिसमें सागर की संपूर्ण जैन समाज उनमें अपनी सहभागिता दर्ज करा रही है। उसी क्रम में अंकुर कॉलोनी जैन समाज द्वारा दिव्यघोष के साथ द्रव्य समर्पित की गई है। अंकुर कॉलोनी से लगभग 25 लोग उक्त विधान में अपनी सहभागिता दर्ज करा रहे हैं। द्रव्य समर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से ट्रस्ट कमेटी के सदस्य आर के जैन सुंदर हार्डवेयर, ए.सी. जैन, दिनेष जैन कर्रापुर, सुनील जैन शाहगढ़, आकाश बजाज, सुकमाल नैनधरा, सुरेश बीजनिगम, दीपराज मढीवाले, धर्मेन्द्र जैन बस ऑनर, शीतल जैन बण्डा, महेन्द्र जैन के्रषर, खेमचंद ढाना, शैलेन्द्र जैन गौरझामर, राकेश कर्रापुर, संजय शक्कर, सुनील ढाना एवं सैंकड़ो की तादात में महिला शक्ति ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। सुब्रत दिव्य घोष की टीम द्वारा विशेष प्रस्तुती दी गई।

## नहीं बदला जाएगा जैसीनगर का नाम, राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं कुछ लोगः गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पिछले कुछ दिनों से सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर में कुछ लोग भ्रम फैला कर लोगों को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। जिसको लेकर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि जनता का फैसला सर्वमान्य है जैसी नगर के नाम पर कुछ लोग अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं और हमारी भोली भाली जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन वह यह नहीं जानते कि यह जनता सब जानती है कि कौन क्या कर रहा है। राजपूत ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी के बहकावे में ना आए अपने क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करें जो आप लोग चाहेंगे वही होगा जैसी नगर का नाम नहीं बदला जाएगा जिन लोगों ने यह षड्यंत्र रचा है उनके लिए हमारे क्षेत्र की जनता ही जवाब देगी। हम आपके साथ हैं और हमारा संकल्प है



कि हमेशा आपकी सेवा करते रहे। राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जैसीनगर आगमन पर उनके समक्ष जैसीनगर का नाम बदलकर जय शिव नगर करने की बात रखी गई थी। यह बात भी जैसीनगर की आम जनता की थी। मंत्री राजपूत ने बताया की जैसीनगर एक ऐतिहासिक नगर है, जो क्षत्रिय समाज की वैभवशाली परंपरा और हिंदू धार्मिक विरासत का प्रतीक है।

यहां एक प्राचीन बड़े महादेव का मंदिर भी है। जो भगवान शिव की पूजा का प्राचीन केंद्र है। यह मंदिर स्थानीय संस्कृति और धार्मिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। मंदिर की स्थापना राजा जयदेव सिंह द्वारा ही की गई मानी जाती है, जो हिंदू धर्म के संरक्षण में क्षत्रिय शासकों की भूमिका को रेखांकित करता है। जैसीनगर के नाम परिवर्तन का विचार क्षत्रिय समाज के इतिहास और संस्कृति को एकीकृत करने का एक सामूहिक प्रयास के रूप में उभरा था। राजा जय सिंह के नाम के जय को आधार बनाते हुए भगवान शिव के नाम को जोड़कर जय शिव नगर बनाने का सुझाव दिया गया। यह विचार व्यक्तिगत निर्णय नहीं था, अपितु समाज के सभी वर्गों की सर्वसम्मति पर आधारित था। क्षत्रिय समाज के साथ स्थानीय लोगों से विचार-विमर्श एवं उनके मत को ध्यान में रखकर ही विचार किया था, जैसीनगर का नाम यथावत ही रखा जा रहा है इसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा। राजपूत ने कहा कि बिना किसी कारण के यह तो वही बात हुई सूत न कपास जुलाहों में लठा-लठी तिल को ताड़ बनाया जा रहा है।



## शिक्षिका शांति राजपूत हुई सेवानिवृत

**गढाकोटा।** सरस्वती शिशु मंदिर (हाईस्कूल) विद्यालय में माँ सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रजवल्लित कर विद्यालय परिवार की दीदी शिक्षिका श्रीमति शांति गोविंद सिंह राजपूत जी के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में व्यवस्थापक मनोज तिवारी ने उपस्थित होकर अपनी शुभकामनायें प्रेषित की। मनोज तिवारी ने कहा कि ईश्वर से दीदी के दीर्घ एवं शांतिपूर्ण जीवन की कामना करता हूँ। शांति दीदी का विद्यालय परिवार और भैया बहनों की शिक्षा एवं विकास के लिए सांस्कृतिक एवं शारीरिक क्षेत्र में अमूल्यनीय योगदान रहा ।उन्हें विभिन्न विषयों पर बारीकी से ज्ञान है जिनका अनुभव सदैव परिवार, समाज एवं विद्यालय परिवार के लिए उज्जवल करेगा।इस अवसर पर प्राचार्य संजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य दयाराम पटेल, विवेकानंद शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष विजय सिंह घोषी, शांति गोविंद सिंह राजपूत के परिवार एवं शुभचिंतक गण, दीदी, आचार्यों के साथ साथ समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

सीमा पर दुश्मन से अधिक करप्ट सिस्टम से लड़ना मुश्किलः जादौन

## फौजी बोला-जमीन से कब्जा नहीं हटा तो कर लूंगा आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

हम सैनिक सीमा पर 24 घंटे जान की बाजी लगाकर देश की रक्षा करते हैं कब कौन सी गोली शरीर को छू जाए और आत्मा कब परलोक सिधार जाए पता नहीं। लेकिन देश पर आंच न आए भले ही जान चली जाए, यही सैनिक धर्म होता और इस धर्म का पालन सैनिक अपनी जान देकर भी करता है। लेकिन सैनिक जिस देश के लिए जान की बाजी लगाता है उस देश का सिस्टम इतना भ्रष्ट हो गया है कि उसे देखकर आत्महत्या करने का मन हो उठता है। इसकी बानगी मेरी खुद की जमीन है जिस पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है और प्रशासन को कई बार आवेदन देने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया जा रहा है। कभी कभी तो ऐसा लगता जैसे पूरे सिस्टम को खरीदा जा चुका है। जब एक सैनिक के साथ ही प्रशासन न्याय नहीं कर पा रहा है तो फिर किसके साथ करेगा?। ऐसा लगता है कि इस करप्ट सिस्टम से लड़ना देश के लिए दुश्मन से लड़ने से भी अधिक मुश्किल हो गया है। यह बात जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में तैनात सीआरपीएफ के जवान मोहर सिंह जादौन ने शुक्रवार को पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही। वह पांचों कॉलोनी वीरपुर में अपनी जमीन पर दबंगों के कब्जे से परेशान हैं।

राष्ट्रपति मेडल से सम्मानित मोहर सिंह जादौन ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि उसकी जमीन पर दबंगों ने कब्जा किया हुआ है जिसके लिए वह 2021 से लगातार आवेदन दे रहा हैं आवेदन देने के बाद उसे बार-बार बुलाया जाता है, सेना से छुट्टी मिलना आसान नहीं होता है। अभी ऑपरेशन सिंदूर के तहत उसकी ड्यूटी पाकिस्तान सीमा से सटे क्षेत्र में लगाई गई थी जिसके चलते हुए आवेदन पर क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी लेने नहीं आ पाया।

## बुन्देलखण्ड मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक सीटी स्केन एवं एमआरआई मशीन का लोकार्पण आज

**सागर।** बुन्देलखण्ड मेडिकल कॉलेज, सागर में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को विस्तार देते हुए सी.टी. स्केन (160 स्लाइस) एवं एम.आर.आई. (1.5 टेस्ला) मशीन का लोकार्पण 5 अक्टूबर रविवार को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम अपराह्न 12 बजे से कॉलेज परिसर स्थित रेडियोलॉजी विभाग में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद डॉ. लता वानखेडे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर अनेक विशेष अतिथि भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे जिनमें गोपाल भार्गव पूर्व मंत्री एवं विधायक रहली, भूपेन्द्र सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक खुरई, प्रदीप लारिया विधायक नरयावली, बृजबिहारी पटेरिया विधायक देवरी, वीरेन्द्र सिंह लोधी विधायक बंडा, निर्मला सप्रे विधायक बीना, महापौर संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, श्याम तिवारी, सुश्री रानी कुशवाहा सहित अन्य शामिल होंगे। कार्यक्रम के निवेदक डॉ. पी.एस. ठाकुर, अधिष्ठाता एवं सी.ई.ओ., बुन्देलखण्ड मेडिकल कॉलेज, सागर एवं डॉ. अरुणा कुमार अध्यक्ष स्वशासी समिति, बुन्देलखण्ड मेडिकल कॉलेज सागर हैं।



## नेमिनाथ भगवान की प्रतिमा की आगवानी हुई

**गढ़ाकोटा।** नगर में शुक्रवार को जिनेन्द्र भगवान एवं नेमिनाथ भगवान की प्रतिमा कीअगवानी हुई l जिसमें समाज के सभी सदस्य उपस्थित थेl दोपहर 1 बजे के गौशाला स्थित बनने वाली मंदिर में विराजमान की गई । गौशाला में मंदिर बन रहा है इसी संदर्भ में नई मूर्ति का आगमन नगर मे हुआl मंदिर का निर्माण ऊमरा परिवार द्वारा किया जा रहा है । मांगलिक क्रियाएं प्रदीप भैया अशोक नगर द्वारा करवाया गई । समाज अध्यक्ष सचिन बैसाखियां ने बताया आगामी दिनों में पंचकल्याणक भी संपन्न होगाl कार्यक्रम में समाज लोग, उमरा परिवार की सभी सदस्य उपस्थित थे।

## संगोष्ठी की निरंतरता में मणिकांत चौबे समाज में जीवंत हैं : पूरन सिंह राजपूत

**सागर।** 32 वर्षों से प्रति शनिवार निरंतर आयोजित होती आ रही, काव्य-संगोष्ठी के 1603 वें क्रम एवं आनलाईन संगोष्ठी के 281 वें सप्ताह की अध्यक्षता करते हुए, पूरन सिंह राजपूत ने 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के साथ संस्था के संस्थापक स्व. मणीकांत चौबे की भी जन्म जयंती पर, उनका शुभ स्मरण करते हुए, कहा कि उनकी साहित्य-निष्ठा के फलस्वरूप ही संगोष्ठी निरंतर 32 वर्षों से आयोजित हो रही है। एक कर्मशील व्यक्ति, अपने कर्मों से सदा जीवंत रहता है और मणीकांत चौबे बेलिहाज, संगोष्ठी की निरंतरता में आज भी हमारे हमारे बीच जीवंत हैं। सागर से अमित मणीकांत चौबे ने काव्य संगोष्ठी का संचालन किया। दमोह से कवियित्री विमला तिवारी ने भक्ति-भाव से माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इसके पूर्व अपने स्वागत भाषण में सागर से कविवर मणिदेव ठाकुर ने स्वागत की परंपरा का निर्वाह करते हुए, समस्त साहित्य-मनीषियों का स्वागत करते हुए, 02 अक्टूबर पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व, लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, संस्था के संस्थापक स्व. मणीकांत चौबे की भी जन्म जयंती पर, शुभस्मरण के साथ उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की। सागर से संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णकांत बख्शी ने समस्त उपस्थितों का आभार व्यक्त किया। इस गोष्ठी में काव्य पाठ हेतु नागपुर से मंजूषा किंजवाडकर, रीवा से डा बारेलाल जैन एवं डा जिनेश जैन संघर्षी, जिनेश जैन संघर्षी पृथ्वीपुर से विनोद वर्मा दर्द, टीकमगढ़ से राजेन्द्र चतुर्वेदी लाल, बडा मलहरा से डा देवदत्त द्विवेदी सरस, खुरई से डा राजेन्द्र मलैया नमन, सागर से साहित्य मनीषी-गण अरुण दुबे, डा सीताराम श्रीवास्तव भावुक, नईम माहिर, मणिदेव ठाकुर ने काव्यपाठ किया।

जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह सम्पन्न

## जीवनसाथी चयन में संकोच नहीं समझ जरूरीः शैलेंद्र जैन विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा सागर द्वारा आदर्श गार्डन में जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ किया गया। इसके बाद समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और युवक-युक्ति परिचय सम्मेलन की औपचारिक शुरुआत हुई।मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि




"प्रतिभा सम्मान और परिचय सम्मेलन दोनों ही अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन हैं। ये कार्यक्रम समाज के उन दो वर्गों को मंच प्रदान करते हैं जिनमें अक्सर हिचक और संकोच का भाव होता है। हमारे बेटा-बेटियाँ जिन्होंने विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का नाम रोशन किया है, उनका प्रोत्साहन आवश्यक है ताकि वे भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। युवक-युक्ति परिचय सम्मेलन भी उतना ही महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमारे युवाओं को उपयुक्त जीवनसाथी की तलाश में मदद करता है। इसमें किसी प्रकार का संकोच नहीं होना चाहिए, क्योंकि जीवनसाथी ऐसा होना चाहिए जो हमें, हमारे परिवार और हमारे विचारों को समझ सके,उन्होंने आयोजन के लिए संस्था को बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम का संचालन जिनेश जैन ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक सुधा जैन, संस्था के अध्यक्ष भागचंद जैन, संतोष जैन घड़ी, ऋषभ चंदेरिया, श्रेयांश जैन, मनोज बंगेला, देवेंद्र जैन, अरविंद जैन, चक्रेश शास्त्री, आलोक जैन, प्रमोद जैन, अजीत जैन, महेंद्र जैन, प्रेमचंद जैन, अवनीश जैन, श्रीमती सुनीता जैन, श्रीमती अंजू सेठ, प्रीति जैन, रजनी जैन, निर्मल जैन सहित बड़ी संख्या में युवक-युवतियाँ, विद्यार्थी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भतीजी को छत से गिराकर घायल करने का आरोप

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम ककड़ारी निवासी कैलाश साहू पुत्र प्रभूदयाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 1 अक्टूबर को उसकी भतीजी को जान से मारने की नीयत से गिराने का प्रयास किया गया। बताया कि एक अक्टूबर को उसका भाई व बहू खेत पर गये हुये थे और घर पर उनकी भतीजी स्वारती पुत्री मुकेश अकेली थी। तभी गांव में रहने वाला रितिक साहू पुत्र राजू साहू ने उनकी भतीजी को छत से धक्का देकर गिरा दिया, जिससे उसकी भतीजी को चोट आयी है और रीढ़ की हडडी में भी गंभीर चोट है। घायलावस्था में भतीजी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रितिक साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 व 333 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दबंगों ने ग्रामीणों को जमकर पीटा



**ललितपुर।** थाना नाराहट के ग्राम डोंगराकलां निवासी भरत अहिरवार पुत्र हिरऊ ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते गुरूवार को अपराह्न करीब 3 बजे वह मूर्ति विसर्जन करने के लिए तालाब की ओर जा रहा था। तभी ग्राम बेटना निवासी दुरग सिंह लोधी के टयूबबेल के पास गांव के महेश पुत्र नाथूराम अहिरवार व हरीओम पुत्र मूलचंद्र अहिरवार ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। शोरगुल सुनकर बचाव करने पहुंचे अभय पुत्र किशोरे अहिरवार, भूपेन्द्र पुत्र ध्यानी अहिरवार के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बैंक गई नाबालिग पुत्री हुई लापता

**ललितपुर।** नेहरू नगर चौकी क्षेत्रांतर्गत एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 1 अक्टूबर को अपराह्न 2 बजे उनकी नाबालिग पुत्री घर से बैंक के कार्य से गयी हुयी थी। जब देर शाम तक वह वापस नहीं लौटी तो उन्होंने पुत्री की खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सूचना दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ज्वालामाता मंदिर पर विशाल भंडारा संपन्न

**ललितपुर।** हर बर्ष की भांति इस बर्ष भी नवरात्रि के बाद दशहरा पर डोंडाघाट स्थित ज्वाला माता मंदिर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी मोहल्ले के लोगों ने भण्डारे में प्रसाद लिया छोटी-छोटी कन्याओं को चुनरी उढ़ाकर सभी ने आशीर्वाद लिया। इस मौके पर समस्त मुहल्लेवासियों का सहयोग रहा।

# नगर पालिका परिषद के उप चुनाव

## भाजपा प्रत्याशी सोनाली ने मांगे वोट

## राज्यमंत्री, विधायक भी पहुंचे लोगों के द्वार, मांगा समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर


नगर पालिका परिषद के उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी सोनाली जैन ने शुक्रवार को मोहल्ला रामनगर में घर-घर जाकर वोट मांगे। वहीं राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी और सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने भी गलियों में घूम-घूम कर लोगों से समर्थन करने का आह्वान किया।

राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ ने कहा कि नपा परिषद के चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व जीत हांसिल हुयी थी। लेकिन कार्यकाल दो-ढ़ाई वर्ष ही चल सका। अब उप चुनाव घोषित हैं, इसलिए पांच वर्ष के लिए जनता से मांगे गये कार्यकाल को पूरा करते हुये शहर के विकास को आगे बढ़ाने और घर-घर तक अपनी नीतियों को पहुंचाने के लिए मतदाताओं को भाजपा प्रत्याशी को फिर से समर्थन देना चाहिए, ताकि वह परिवार अपने कार्यकाल को पूरा करते हुये शहर में विकास कार्यों के नये आयाम को तय कर सकें। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशाअनुरूप पूरे शहर में सड़कों को पक्का किया जो रहा है और जल निकासी की समुचित व्यवस्था भी लगातार की जा रही है। कहा कि अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने के लिए भाजपा प्रत्याशी सोनाली जैन को अपना अमूल्य मत देकर विजयी बनायें। इस दौरान जगदीश सिंह लोधी, प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, भगत सिंह राठौर, मनोज खटीक, राजकुमार नामदेव, अंशराज नामदेव, रामेश्वर सड़ैया, मनीष अग्रवाल, महेश भैया, राजदीप जैन, सचेंद्र जैन, रजनेश जैन, हार्बर कुमार, अनूप नजा, प्रीतिंकर जैन, अरविन्द सैनी, अंकित दुबे, दीपक वैद्य, प्रखर जैन, अशोक कुशवाहा, रवि ठाकुर, रोहित रावत, बालकिशन राजपूत, सुरेंद्र रजक, जगदीश सिंह राजपूत, दीपक पराशर, संजय पड़वा, गब्बर अहिरवार, रानी जहां, सालनी जैन, वंदना जैन, अमन सोनी, सौरभ जैन, सुशांत जैन, तेजस श्रीवास्तव, नसीर मंसूरी, दीपक जैन सिंघई, नदीम अहमद, बृजलाल कुशवाहा, अमित तिवारी, घासीराम सहारिया, पार्वती खटीक, अमरदीप रजक, सचिन कुमार, रवि साहू, विक्रम प्रताप बुंदेला, शिवम तिवारी, आशीष हुण्डैत, मयंक साहू, हर्ष चौबे, केके साहू, अवतार लोधी, भरत विश्वकर्मा, बब्बू राजा, वैभव गुप्ता, मनीष अग्रवाल, राजवीर जाट, नवीन जैन, कल्लन कुशवाहा, कमलापत रिछारिया, छोटू कुशवाहा, रुपेश नामदेव, रितिक कटारे, हाकिम सिंह, धर्मेन्द्र राजपूत, राहुल मोदी, गौरव चौधरी, रवि ठाकुर, कपिल कुशवाहा, देवेंद्र राजपूत, नितेश संज्ञा, नितिन राठौर, वृंदावन कुशवाहा, राज शिवहरे अनेकों भाजपा नेता मौजूद रहे।

## दो निर्दलीय भी चुनावी समर में डटे

## सात में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिए वापस

### भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन की सीधी टक्कर के आसार



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के उप चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को नाम वापिसी की प्रक्रिया अपनाई गयी। इस प्रक्रिया में निर्धारित समय अनुसार सात में से तीन प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामाकंन पत्र वापस ले लिये। हालांकि शहर में इस बात की चर्चा अधिक तो नहीं है, लेकिन इतनी चर्चा अवश्य है कि गठबंधन ने रूठे कार्यकर्ताओं को मना लिया, तो वहीं दूसरी ओर सत्तादल ने जातिगत समीकरण साधने में सफलता हांसिल की है। अब चुनावी मैदान में भाजपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन समेत दो निर्दलीय प्रत्याशी और भी मैदान में हैं। गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद के उप चुनाव को लेकर सितम्बर माह में चुनाव आयोग ने अधिसूचना जारी कर दी थी।

अधिसूचना जारी होते ही राजनैतिक दलों में उथल-पुथल का माहौल बना, लेकिन नामाकंन पत्र जमा करने की अंतिम दिवस के ठीक एक दिन पहले सबकुछ सामान्य सा हो गया। सत्तादल की ओर से पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती सरला जैन जिनके निधनोपरान्त यह उप चुनाव सम्पन्न हो रहे हैं की पुत्रवधू सोनाली जैन को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया। वहीं मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी व कांग्रेस की गठबंधन प्रत्याशी के रूप में नीलम चौबे को अधिकृत उम्मीदवार बनाया गया। इसके अलावा सपा के वरिष्ठ नेता रामदास श्रोती ने अपनी पत्नी अनुपमा श्रोती को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामाकंन जमा करा दिया। वहीं कांग्रेस से निष्कासित रहते हुये हरीबाबू शर्मा ने भी अपनी पत्नी श्रीमती अरूणा शर्मा को नामाकंन दाखिल कराया। इसके अलावा आम आदमी पार्टी से बागी होकर आप नगराध्यक्ष मीना राजा के अलावा नदीपुरा निवासी नाजरीन पत्नी रऊफ मंसूरी व जैन समाज से ही आने वाली आजादपुरा निवासी सूबी ने भी अपना नामाकंन पत्र जमा कर दिया। अगले दिन हुयी नामाकंन पत्रों की जांच में जमा किये गये सभी नामाकंन पत्र सही पाये गये थे। नामाकंन पत्र भरे जाने से वापस लेने की तारीखों के बीच निर्दलीय प्रत्याशियों को अपने-अपने पक्ष में नामाकंन वापस लेने के लिए काफी असमंजस्य की स्थिति बनी रही। हालांकि नामाकंन वापस लेने की बात पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरीबाबू शर्मा की पत्नी अरूणा शर्मा, वरिष्ठ सपा नेता रामदास श्रोती की पत्नी श्रीमती अनुपमा श्रोती और जैन समाज से आने वाली श्रीमती सूबी जैन मान गये और नामाकंन पत्र वापिसी की आखिरी तारीख 3 अक्टूबर 2025 को तीनों प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामाकंन पत्र वापस ले लिये। इसके बाद अब नगर पालिका के अध्यक्ष पद को लेकर उप चुनाव के समर में बीजेपी से सोनाली जैन, सपा-कांग्रेस गठबंधन से नीलम चौबे के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नाजरीन व मीना राजा मैदान में हैं।

## सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी का जनसंपर्क

## गली-कूचों में लोगों के घर-घर पहुंच कर मांगे वोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस से गठबंधन की अधिकृत प्रत्याशी नीलम चौबे ने शुक्रवार से अपना जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। शहर की गलियों में टूटी पड़ी नालियां और कच्ची सड़कों की हालत देखकर गठबंधन कार्यकर्ताओं ने कहा कि विकास के पथ को फिर से शुरू करने के लिए चुनाव चिह्न साइकिल पर मोहर लगाकर जनता अपना अमूल्य वोट दे। गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने शहर के मोहल्ला चौकाबाग में जाकर तूफानी जनसम्पर्क किया। सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी नीलम आशीष चौबे ने वर्तमान समय में होने बाली जनसमस्याओं के बारे में स्थानीय लोगों से जानकारी ली। जिसमें सबसे ज्यादा समस्या जल भराव टूटी फूटी रोड नालियां, प्रदूषण और मच्छरों से होने बाली बीमारियों की है जिससे सभी उम्र के बीमार पड़ रहे हैं। इन सब परेशानियों को सुन कर प्रत्याशी नीलम चौबे के पति आशीष चौबे ने कहा कि अगर जनता ने मत स्वरूप आशीर्वाद दिया तो इस तरह की परेशानियों का तुरंत निवारण किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने चौकाबाग में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क करने जनता के बीच पहुंची नीलम चौबे को आमजन ने हाथों-हाथ लेते हुये फूलमालाओं से लाद दिया। वहीं दूसरी ओर लोगों ने वार्ड के ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। आमजन ने कहा कि जो प्रत्याशी वार्डों की समस्याओं को दूर करे, सबसे ज्यादा नालियों का निर्माण सफाई कार्य और पानी न मिलना है को दूर करेगा, उस को वोट देंगे। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष आल्हाप्रसाद निरंजन, गिरधारी यादव, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, विद्याकांत मालवीय, मकरंद किलेदार विक्की, विजय यादव, परवेज पठान, विजय रायकवार, कांग्रेस नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे, अजय प्रताप सिंह तोमर, मोन्टी शुक्ला, शहरोज खान, आधार सिंह यादव, रोहित राठौर के अलावा अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मोहल्लेवासियों ने एकजुट होकर डीएम को भेजा शिकायती पत्र**

## गली में दबंग मकान बनाकर कर रहे सार्वजनिक रोड पर अवैध अतिक्रमण



**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला नेहरूनगर में रहने वाले लोगों ने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र रोड काली माता मंदिर केपास सार्वजनिक रास्ते पर दबंगों द्वारा अवैध निर्माण किये जाने का आरोप लगाते हुये इसे रोके जाने की मांग उठायी है। इस सम्बन्ध में लोगों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि मोहल्ले की रोड काफी खराब है एवं पानी पाइप लाइन की समस्याएं हैं। आरोप है कि बीती 30 सितम्बर की शाम करीब 5 बजे मोहल्ले में पाइप लाइन का काम चल रहा था, तभी पड़ौस में रहने वाले दबंग व्यक्ति द्वारा जो कि रेलवे स्टेशन पर निवासरत हैं द्वारा मोहल्ले के लोगों को गालियां देते हुये पाइप लाइन का काम रूकवा दिया और रोड भी नहीं डलने देने की धमकी दी। आरोप लगायाकि उक्त लोगों द्वारा गली में कब्जा करने का प्रयास करते हुये मकान बनाने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

ज्ञापन देते समय गंगाराम पाल, अमित, राजेन्द्र रायकवार, सुनीता कुशवाहा, संतोष रजक, गोविन्ददास विश्वकर्मा, मालती, जितेन्द्र श्रीवास्तव, रामवती विश्वकर्मा, रामकुंवर, मोती, ऊषा, ममतादेवी, राहुल, रामकली, माया, सविता, रूकसानो, सावित्री रैकवार, संतोष, अंगूरी, बबीता आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता अभियान में एलडीएम ने की हिस्सेदारी



**ललितपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान में जिले के अग्रणी बैंक पंजाब नेशनल बैंक ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी की। समाज को एक प्रेरक संदेश देने का प्रयास भी किया कि अगर समाज की सेवा और एक स्वस्थ समाज की रचना हमारा ध्येय बन जाये तो स्वच्छता अभियान से हम वो लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान की जब शुरुआत की थी, तब ये सेवा आज के समय में, इतनी प्रासंगिक होगी इसका महत्व वर्तमान में ज्ञात हुआ। पीएनबी हमेशा ही समाज में सेवा और संकल्प की प्राप्ति के लिए तत्पर रहता है। इसी क्रम में जिले के अग्रणी बैंक पंजाब नेशनल बैंक के सभी कर्मचारी ने इस अभियान की सफलता के लिए कमर कसी। प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में पंजाब नेशनल बैंक की सभी शाखाओं ने 17 सितंबर से 2 अक्तूबर के इस पखवाड़े में अपने बैंक के बाहर व आस पास सफाई करके समाज को संदेश देने की कोशिश की है कि अपने घर और आस पास सफाई रखें और स्वस्थ रहें। इस अभियान में एलडीएम रंजीत कुमार, मुकेश पटेल, धर्मेंद्र पाठक, संदीप साद्य, हेतराम, आरसेटी कार्यालय से सुनील कुमार आदि शामिल रहे।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्ष भिड़े, आधा दर्जन घायल, भर्ती

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम विघाखेत में गुरुवार देर शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान गाली-गलौज को लेकर विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गया। घटना में ग्राम प्रधान सहित 10 से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया गया, जहां एक पक्ष के तीन लोगों को भर्ती करना पड़ा।

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर 12 से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह बुंदेला (35) के भाई और दूसरे पक्ष के गंगाराम राजपूत (30) के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढने पर गाली-गलौज हुई, जिसके बाद ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों को अलग कर दिया। इसी बीच रात करीब 8 बजे राजेश

**विघाखेत की घटना पर दर्ज की एफआईआर**

पुत्र हरनारायण (38) ने पुलिस को बताया कि उसके चचेरे भाई गंगाराम को ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह के परिजन घर के बाहर पीट रहे थे। उसने बीच-बचाव कर गंगाराम को अंदर भेजा, लेकिन कुछ देर बाद ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह अपने भाई ब्रजेश सिंह (26), मां बालकुंवर (60), कृष्णपाल पुत्र जयपाल और देवेंद्र पुत्र हरदेव (21) सहित करीब 15 लोगों के साथ लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और हमला कर दिया। इस दौरान बचाने आईं राजेश की पत्नी नेहा (35), बड़े भाई सीताराम (50), भाभी लीला (48) और भतीजा गंगाराम (25) भी घायल हो गए। वहीं, ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह का कहना है कि जब वह मोहल्ले में थे, तभी राजेश के परिजनों ने उन पर और उनके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

इस हमले में वह स्वयं, उनके भाई बृजेंद्र, मां बालकुंवर, कृष्णपाल और देवेंद्र घायल हो गए। कोतवाली सदर के प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि ग्राम विघाखेत में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## हवन-पूजन करा रहे युवक के घर चोरी

### बदमाश जेवरात, कागजात समेत तीन लाख रुपए नकदी ले उड़े

**ललितपुर।** श्रीमद भागवत कथा के दौरान हवन-पूजन करा रहे यजमान के घर बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने यजमान के घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब तीन लाख रुपये नकदी और उधारी की किताब वहीं, मोबाइल के अलावा आवश्यक कागजात चोरी कर ले गये। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। थाना जखौरा अन्तर्गत रहने वाले रघुवीर पुत्र छोटेलाल झां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 30 सितम्बर को वह भागवत कथा पर हवन-पूजन करा रहा था। घर सूना था, तभी शाम करीब 5 बजे वह अपने घर आया तो उसने देखा कि घर में रखी 2 पेटी जिसमें चांदी 500 ग्राम व दुकान की उधारी की किताब वही, खाता, मोबाइल व अन्य आवश्यक कागजात के अलावा तीन लाख रुपये नकदी नहीं मिले। आरोप है कि अज्ञात बदमाश उसके घर से पेटी सहित उक्त सामान को चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

## नमो उपवन पार्क का विधायक चंदा सिंह गौर ने किया उद्घाटन, कई लोग रहे मौजूद

# वार्ड 9 में 20 लाख रुपए की लागत से होंगे विकास कार्य






हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर परिषद द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 9 में तैयार किए गए नमो उपवन पार्क का बीते शनिवार को खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गौर के द्वारा उद्घाटन किया गया। बताया गया है कि नगर के वार्ड क्रमांक 9 में पुराने थाने की जमीन पर 19 लाख 50 हजार की लागत से बाउंड्री वॉल एवं पेवर्स निर्माण कार्य का ठेका मिश्रा कंट्रक्शन कंपनी को दिया गया था। शनिवार के दिन दोपहर 2 बजे के लगभग विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गौर ने दिग्विजय सिंह गौर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजू राय आदि के साथ मौके पर पहुंचकर नमो उपवन पार्क का जायजा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गौर के द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री वर्मा की उपस्थिति में फीता काटकर पार्क का उद्घाटन किया गया। इससे पहले बीते दिनों जिला कलेक्टर विवेक श्रोतिय के द्वारा यहां वृक्षारोपण किया गया था।

### एसडीएम कोर्ट एवं बायपास रोड की मांग

पलेरा नगर में लंबे समय से एसडीएम कोर्ट एवं बाईपास रोड की मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गौर के द्वारा मंच से नागरिकों को आश्वासन दिया गया है। उन्होंने नगर के विकास को ध्यान में रखते हुए कहा कि लंबे समय से जनता द्वारा की जा रही मांग को पूरा करने में वह कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगी। उन्होंने कहा कि एसडीएम कोर्ट एवं बायपास रोड की मांग को शासन स्तर पर पूरी ताकत के साथ उठाया जाएगा। इसके अलावा नगर में लंबे समय से चली आ रही मुक्तिधाम निर्माण की मांग को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द पूरा कराए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम निर्माण को लेकर 50 लाख की राशि विधायक निधि से दी जाएगी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने कहा कि विकास कार्यों को लेकर वर्तमान सरकार कांग्रेस के साथ सौतेला व्यवहार करती चली आ रही है। प्रदेश में बढ़ती महंगाई और विभागों में भ्रष्टाचार इसका खुला उदाहरण है। उन्होंने नगर में किये जा रहे विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष की सराहना की। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा, पार्षद जयराम रजक, नरेश तिवारी, अवधेश रावत, विश्वदीप सिंह चौहान समेत तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जुमे की नमाज के मद्देनजर चौकस रही सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं आम जनमानस में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार (जुमे) की नमाज के दृष्टिगत शहर क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख मस्जिदों एवं संवेदनशील स्थलों पर फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उन्हें किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने एवं कानून व्यवस्था में सहयोग बनाए रखने की अपील की। इस दौरान जिले की समस्त मस्जिदों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एसपी के साथ एएसपी कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। गश्त के दौरान प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग अभियान के दौरान एसपी ने पुलिस बल को निर्देशित किया कि वह स्वयं यातायात के नियमों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें और वाहन संबंधी दस्तावेजों की जांच कर संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क निगरानी रखें।

### डॉ बृजेंद्र स्वरूप ने किया कमाल, बिना एनेस्थीसिया के सफलता पूर्वक की सर्जरी

# श्योपुर में पहली बार हुई प्लास्टिक सर्जरी, निःशुल्क हुआ ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मेडिकल कॉलेज श्योपुर के लिए भेजे गए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ बृजेंद्र स्वरूप ने जिला अस्पताल में एक ओर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए जिले में पहली बार प्लास्टिक सर्जरी जैसे विशेष ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी वे ऐसे ही कई मरीजों के आपरेशन सफलतापूर्वक कर चुके हैं जिन्हें ग्वालियर कोटा ओर दिल्ली से वापस लौटा दिया गया था। खास बात यह है कि डॉ बृजेंद्र स्वरूप ने यह आपरेशन बिना एनेस्थीसिया डॉक्टर की मदद से किया है।

श्योपुर जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ बृजेंद्र स्वरूप के द्वारा बिना एनेस्थीसिया के गायनेकोमैस्टिया की प्लास्टिक सर्जरी की है आमतौर पर इस प्रकार की प्लास्टिक सर्जरी बड़े शहरों में विशेषज्ञ प्लास्टिक सर्जनों द्वारा की जाती है, जिन पर हज़ारों से लेकर लाखों रुपये तक का खर्च आता है, लेकिन डॉ. बृजेंद्र स्वरूप ने अपनी तकनीकी दक्षता, अनुभव और सेवा भावना से यह सिद्ध किया कि समर्पण और आत्मविश्वास के बल पर सीमित संसाधनों में भी असंभव को संभव बनाया जा सकता है। हालांकि जिस मरीज़ का यह आपरेशन किया गया उसकी पहचान छुपाई गई है। लेकिन यह उपलब्धि न केवल चिकित्सा जगत के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं से हमेशा जूझने वाले श्योपुर जिले के लिए गर्व का प्रतीक भी है। डॉ बृजेंद्र स्वरूप और उनकी टीम को इस असाधारण सफलता के लिए जिला वासियों ओर से जिला अस्पताल के चिकित्सकों व स्टाफ ने बधाई देते हुए आभार जताया है।




#### महानगरों में मिलने वाली सुविधा श्योपुर में

प्लास्टिक सर्जरी जैसे ऑपरेशन अभी भी महानगरों तक सीमित है और इसके लिए मरीजों को लाखों रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं, अभी तक प्लास्टिक सर्जरी के नाम पर बाल हृदय उपचार योजना के तहत बच्चों के ही कटे फटे हॉट इत्यादि के ऑपरेशन भोपाल ले जाकर कराए जाते रहे हैं लेकिन अब यह आधुनिक सर्जरी सुविधा हमारे सरकारी जिला अस्पताल में न सिर्फ उपलब्ध है बल्कि पूरी तरह निःशुल्क भी है, जो आम जनता के लिए एक बड़ा राहत का विषय है।

#### संसाधनों के अभाव में भी हो रही सर्जरी

मेडिकल कॉलेज की स्थापना होने के बाद सरकार ने सभी प्रकार के विशेषज्ञ चिकित्सक श्योपुर भेज दिए हैं, जो फिलहाल मेडिकल कॉलेज के स्थान पर जिला अस्पताल में सेवाएं दे रहे हैं, उन्हीं चिकित्सकों में डॉ बृजेंद्र स्वरूप भी एक नाम है जो जिला अस्पताल में आए दिन ऐसे ऑपरेशन कर रहे हैं जो जटिल होने के साथ-साथ इससे पहले श्योपुर जिले में कभी नहीं हुए हैं। जिला अस्पताल में ऐसे ऑपरेशनों को करने की सुविधा भी नहीं है न संसाधन उपलब्ध है इसके बावजूद डॉ बृजेंद्र स्वरूप के द्वारा इस तरह के ऑपरेशन करना आश्चर्यजनक होने के साथ ही डॉ बृजेंद्र स्वरूप के मानवीय दृष्टिकोण को समझता है।

#### इनका कहना..

जिला अस्पताल में अब मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों के माध्यम से हर प्रकार के जटिल ऑपरेशन किए जा रहे हैं। प्लास्टिक सर्जरी जैसे ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध है लोग कोटा ग्वालियर जाने के बाजार जिला अस्पताल की सेवाएं ले।

**डॉ आरबी गोयल**
**सिविल सर्जन श्योपुर**

### आज सोंईकलां में निकलेगा पथ संचलन

# शहर की गुरु गोविंद सिंह बस्ती में निकला आरएसएस का पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बस्ती वार पथ संचलन निकाले जा रहे है। इसी क्रम में शनिवार को शहर की गुरू गोविंद सिंह बस्ती का पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन के लिए शनिवार की शाम 5 बजे सभी स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण शहर के ब्लॉक मैदान में हुआ। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद यहां से संघ का पथ संचलन आरंभ हुआ। पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक संघ की गणवेश पहनकर घोष की थाप मिलाते हुए बडे अनुशासन के साथ चल रहे थे। पथ संचलन गुरू गोविंद सिंह बस्ती के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरा। पथ संचलन का जगह जगह पुष्पवर्षा का स्वागत किया गया। पथ संचलन वापस ब्लॉक मैदान पहुंचकर सम्पन्न हुआ। उधर नजदीकी सोंईकलां कस्बे में रविवार को पथ संचलन निकाला जाएगा।



#### मिडिल स्कूल में होगा एकत्रीकरण

सोंईकलां कस्बे में रविवार को पथ संचलन निकाला जाएगा। इसके लिए दोपहर 12 बजे कस्बे के शासकीय मिडिल स्कूल प्रांगण में स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण होगा।इसके बाद यहां से पथ संचलन आरंभ होगा, जो गोपालपुरा रोड, गुर्जर मोहल्ला, शिवहरे मोहल्ला,परसावत मोहल्ला, मैन बाजार, प्रजापति मोहल्ला, माली मोहल्ला, गौड मोहल्ला और बस स्टैंड होते हुए वापस मिडिल स्कूल प्रांगण में आकर सम्पन्न होगा।

# मानव सेवा के जरिए हम सार्थक बना सकते हैं अपना जीवनः कैलाश

### बेटी पढ़ाओ केंद्र के शिक्षकों के प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




मानव सेवा से बडा कोई धर्म नहीं है। मानव सेवा के प्रति समर्पण से हम न केवल अपने जीवन को सार्थक बनाते हैं बल्कि एक बेहतर समाज बनाने का काम भी करते हैं। यह बात बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित शिक्षकों के प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर समाजसेवी कैलाश पाराशर ने संबोधन देते हुए व्यक्त कही।

समाजसेवी पाराशर ने कहा कि वह महात्मा गांधी सेवा आश्रम अपनी स्थापना से लेकर आज तक सतत रूप से इसी कार्य में जुटे हैं। इसके संस्थापक डॉ एस एन सुब्बाराव ने चंबल में शांति स्थापित करने का ध्येय लेकर 654 दस्युओं का समर्पण करवाया था तब उन्होंने कहा था कि यह शांति स्थायी रहे तथा बागी समस्या फिर से सिर न उठाये इसके लिए आवश्यक है कि लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराये जायें तथा लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक बनाया जाये। इसी उद्देश्य से महात्मा गांधी सेवा आश्रम द्वारा कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इम्पेक्ट के सहयोग से चलाया जा रहा बालिका शिक्षा कार्यक्रम भी उनमें से एक है जिसके द्वारा 45 गांवों में 46 केन्द्र चलाये जा रहे हैं जहां स्कूल से विमुख बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यक्रम के समन्वयक राधा बल्लभ जांगिड़ ने कहा कि ऐसी बालिकायें जो किसी कारण से विद्यालय नहीं जा पाती उन्हें शिक्षा देकर पढाई से जोड़ने का कार्य हमारे केंद्रों द्वारा किया जाता है। शिक्षा जीवन में प्रकाश पैदा करने का कार्य करती है इसके बिना व्यक्ति शोषण का शिकार बनता है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सुपरवाइजर महावीर मीणा, रामनरेश सेन, योगेश कुमार जाटव, विवेक शर्मा सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

# खातौली रोड पर फर्जी पुलिस बनकर वसूली करने की शिकायत, थाना प्रभारी बोले-जांच के बाद करेंगे कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के खातौली रोड पर बीती रात को भूसे की ट्रॉली से फर्जी पुलिसकर्मी बनकर वसूली करने की शिकायत कुछ लोगो ने देहात थाने पहुंचकर की है। इसके पहले शिकायत करने वाले कोतवाली थाने भी पहुंचे थे,लेकिन उन्हें घटना स्थल देहात थाने का होने के कारण देहात थाने भेजा गया है।

देहात थाने में शिकायत करने वाले लोगों का कहना है कि शुक्रवार की रात को जब ट्रैक्टर ट्रॉली में भूसा कर कर रहे थे,तभी हमे पानडी गांव के पास बोलेरो में सवार होकर आए लोगो ने अपने आप को पुलिसकर्मी बताते हुए हमसे एक हजार रूपए की वसूली कर ली। इनके द्वारा अन्य वाहनों से भी वसूली की गई है। शिकायत करने वाले लोगों का दावा है कि हमने फर्जी पुलिस बनकर वसूली कर रहे एक व्यक्ति को पकडकर पुलिस के हवाले भी कर दिया है। उधर देहात थाना प्रभारी शशि तोमर का इस संबंध में कहना है कि इस तरह की शिकायत आई है,जिसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# जिला स्तरीय इज्तिमा आज जुटेंगे 10 हज़ार धर्मावलंबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

तकलीफ तकलीफ जमात का इज्तिमा जिला मुख्यालय स्थित ईदगाह परिसर में आयोजित किया जा रहा है।दो दिवसीय इस आयोजन में करीब 10 हज़ार धर्मावलंबियों के जुटने का दावा आयोजकों की ओर से किया जा रहा है।

रविवार शाम 5:00 बजे (असर की नमाज़ के साथ) से शुरू होने वाला यह सामूहिक धार्मिक कार्यक्रम सोमवार की रात 9:00 बजे (ईशा की नमाज के बाद) खत्म किया जाएगा। ईदगाह परिसर में जिले के विभिन्न गांवों और मोहल्ले से आने वाले धर्मावलंबियों के ठहरने खाने इत्यादि की व्यवस्था की गई है। ईदगाह परिसर से दूर वाहन पार्किंग भी रखी गई है ताकि आवागमन में व्यवधान उत्पन्न न हो। तबलीग जमात से जुड़े लोगों ने इस आयोजन में जिले के सभी मुसलमानों से शामिल होने की अपील की है।

## मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी के तहत जिला स्तरीय मुशायरा आज

**श्योपुर।** मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्त्वावधान में ज़िला अदब गोशा श्योपुर के द्वारा सिलसिला के तहत जिले के प्रसिद्ध शायर अख़्तर हसन ‘वहशी’ को समर्पित स्मरण एवं रचना पाठ का आयोजन रविवार को दोपहर 12:00 बजे से स्वामी विरजानंद सरस्वती इंग्लिश स्कूल परिसर श्योपुर में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी अकादमी के ज़िला समन्वयक अनवर ग़ाफ़िल ने एक प्रेस नोट जारी कर दी।
उर्दू अकादमी के ज़िला समन्वयक अनवर ग़ाफ़िल ने बताया कि उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी की सहमति प्राप्त होने के बाद उर्दू अकादमी द्वारा ‘सिलसिला’ के तहत प्रदेश के सभी ज़िलों में काव्य, साहित्यिक एवं सांगीतिक गोष्ठियां आयोजित की जा रही है।
इस वर्ष ज़िलावार सिलसिला एवं तलाशे जौहर कार्यक्रम उन ज़िलों के दिवंगत रचनाकारों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित किये गए हैं। अकादमी द्वारा प्रदेश के समस्त ज़िलों में अपने समन्वयकों के माध्यम से ऐसी हस्तियों के नाम ढूंढ कर उनकी स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कड़ी में एक कार्यक्रम श्योपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसमें श्योपुर ज़िले के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों, तहसीलों एवं बस्तियों के ऐसे स्थापित शायर एवं साहित्यकार अपनी प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया गया है जिन्हें अकादमी के मंचों पर प्रस्तुति का कम अवसर मिला है। सिलसिला के तहत दोपहर 12:00 बजे स्मरण एवं रचना पाठ का आयोजन होगा जिसमें प्रसिद्ध शायर अख़्तर हसन वहशी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विशिष्ट वक्ता डॉ. अशफ़ाक़ अर्शी चर्चा कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। इस रचना पाठ में जो शायर एवं साहित्यकार अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे उनमें शाकिर अली शाकिर, डॉ. अय्यूब ख़ान ग़ाज़ी , मांगीलाल मरमिट, रफ़ीक़ गिरधरपुरी, प्रभात प्रणय, सईद ख़ान चराग़, हमीद बालापुर, तरूण शर्मा, रफ़ीक़ मोहम्मद, इरशाद हक़, तालिब तूफ़ानी, अनवर अमरोही, गोपाल रघुवंशी, इरफ़ान अख़्तर एवं राजेन्द्र गौड़ के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशफ़ाक़ अर्शी द्वारा किया जाएगा। डॉ नुसरत मेहदी के माध्यम से अनवर ग़फ़लि ने श्योपुर के सभी साहित्य एवं कला प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।



#### कराहल पुलिस ने दबोचे दो बाइक चोर

**श्योपुर।** कराहल थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो बाइक चोरों को अरेस्ट किया है। जिनके कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली है। कराहल टीआई यासमीन खान ने बताया कि रानीपुरा निवासी शेषराम आदिवा की बाइक गत 24 सितंबर को करियादेह तिराहा कराहल से चोरी हो गई थी। इस मामले में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर बाइक चोरों की तलाश शुरू की और बाइक चोर के रूप में रिषी पुत्र राजेन्द्र त्यागी निवासी वघेल थाना जौरा हाल शंकरपुर कराहल तथा गोलू उर्फ मनोज पुत्र नंद किशोर कुशवाह निवासी शंकरपुर को नामजद करते हुए दबोचा और उनके कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली।

### अव्यवस्थाओं में जल्द सुधार न किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी

# कॉलेज परिसर की अव्यवस्थाओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर में व्याप्त कई अव्यवस्थाओं को लेकर एसैप (एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स) छात्र संगठन के प्रतिनिधियों ने शनिवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा को ज्ञापन सौंपा और उनसे कॉलेज में व्याप्त अव्यवस्थाओ में सुधार किए जाने का अनुरोध किया।

संगठन के जिला अध्यक्ष अभिषेक मीणा कलोनी की अगुवाई में दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि कॉलेज परिसर में अन्य छात्र संगठनों द्वारा मोटरसाइकिल भीतर तक ले जाकर नियमों की अनदेखी की जा रही है, साथ ही हमारे संगठन के कार्यकर्ताओं से बहस करना और धमकी भरे शब्द कहना आम हो गया है। यह व्यवहार कॉलेज की शैक्षणिक गरिमा के विपरीत है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया है कि सी.सी. क्लास में मात्र पाँच मिनट देरी से पहुँचने पर छात्रों को बाहर निकाल दिया जाता है और जब शिकायत की जाती है तो संबंधित अधिकारी और स्टाफ सही व्यवहार नहीं करते है। ज्ञापन में एसैप संगठन ने चेतावनी भी दी है कि यदि परिसर की व्यवस्थाओं और व्यवहार में शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो संगठन सडक पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी ज्ञापन के दौरान एसैप छात्र संघ कॉलेज अध्यक्ष लवली मीणा, सोनू मीणा, अजय मीणा, रवि प्रजापति, सोनू जाटव, अंकित मीणा, विजय मीणा सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



### किसानों ने चेतावनी दी कि सोमवार तक नहीं छूटेगा पानी तो करेंगे घेराव

# चंबल नहर के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कंप्लीट, पानी कब छूटेगा इसकी तारीख तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चंबल दाहिनी मुख्य नहर में ढोटी के पास चल रहे क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का काम लगभग कंप्लीट हो गया है। ऐसे में क्षेत्र के किसानों को चंबल नहर में जल्द पानी छूटने की उम्मीद लग रही है,लेकिन कोटा बैराज से पानी किस दिन चंबल नहर में छूटेगा,इसको लेकर फिलहाल कोई तिथि निर्धारित नहीं हुई है। उधर चंबल नहर में पानी छोडे जाने की मांग उठा रहे किसान संगठन आंदोलन करने की तैयारी कर रहे है। बताया जा रहा है कि सोमवार तक चंबल नहर में पानी नहीं छूटेगा तो इसके बाद किसानों के द्वारा जल संसाधन विभाग के कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

दरअसल इन दिनों खेतों में खडी धान की फसल को पानी की सख्त जरूरत महसूस हो रही है। ऐसे में किसान धान की फसल की सिंचाई अपनी ट्यूबवेलों के जरिए कर रहे है,मगर कई किसानों के ट्यूबवेल साथ छोड गए है। ऐसे में किसानों को उनकी धान की फसल पानी के अभाव में सूखने डर सता रहा है। यदि धान की फसल सूख गई तो क्षेत्र के किसानों को करोडों का नुकसान होना तय माना जा रहा है। इसलिए क्षेत्र के किसान धान की फसल को सूखने से बचाने के लिए चंबल नहर में पानी छोडने की मांग उठा रहे है। किसान संगठन भी इस संबंध में किसानों का समर्थन करते हुए चंबल नहर में पानी छोडने की आवाज बुलंद कर रहे है। पिछले दिनों किसान नेता राधेश्याम मूंडला सहित अन्य कई किसानों व कांग्रेसियों ने नहर में पानी छुडवाए जाने के लिए कलेक्ट्रेट गेट पर धरना प्रदर्शन किया था। इसके बाद भी जल संसाधन विभाग के अधिकारी इस संबंध में यह बताने को तैयार नहीं है कि किस दिन कोटा बैराज से चंबल नहर में पानी छूटेगा।



#### चंबल नहर के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कंप्लीट

गत जुलाई माह के दौरान ग्राम ढोटी के पास फूटी चंबल दाहिनी मुख्य नहर की मरम्मत का इन दिनों पूर्णता की ओर दिख रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो चंबल नहर के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत लगभग लगभग कंप्लीट हो गई है। इस काम में बारिश के कारण थोडी देर हुई है, यदि बारिश नहीं आती तो यह काम काफी दिन पहले ही कंप्लीट हो जाता,फिर हमने काफी हद तक मरम्मत का काम कंप्लीट कर लिया है। थोडा बहुत जो काम बचा है,उसे भी एक दो दिन भीतर कंपलीट कर लिया जाएगा।

#### दिल्ली तक पहुंची नहर में पानी छोड़ने की मांग

चंबल नहर में पानी छोडने की मांग दिल्ली तक पहुंच गई है। पिछले दिनों दिल्ली गए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान चंबल नहर की मरम्मत स्थल को देखने के बाद दिल्ली पहुंचकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से चंबल नहर में पानी छुडवाए जाने की मांग को लेकर मुलाकात कर चुके है। पूर्व विधायक चौहान को केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से ज्ञापन सौपकर अनुरोध किया है कि शासन स्तर पर हस्तक्षेप करके शीघ्र ही चंबल नहर में कोटा बैराज से पानी छुडवाया जाए।

#### इनका कहना...

धान की फसल को सूखने से बचाने के लिए न सिर्फ चंबल नहर के पानी की जरूरत है,बल्कि सरसो की बोवनी को पलेवा करने के लिए भी चंबल नहर के पानी की आवश्यकता है। चंबल नहर में जल्द पानी छोडा जाना चाहिए। अन्यथा धान की फसल सूख जाएगी और किसानों को करोडो का नुकसान होगा।

**विवेक भारद्वाज**
**किसान श्योपुर**

जब हमने कलेक्ट्रेट पर धरना दिया था,तब प्रशासन ने हमे यह भरोसा देकर उठाया था 8 दिन के भीतर में नहर की मरम्मत पूर्ण हो जाएगी और नहर में पानी भी छूट जाएगा। यदि सोमवार तक नहर में पानी नहीं छूटेगा तो फिर जल संसाधन विभाग के ईई कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

**राधेश्याम मूंडला**
**किसान नेता श्योपुर**

चंबल नहर की मरम्मत का काम एक दो दिन में पूर्ण हो जाएगा। चंबल नहर में पानी छुडवाए जाने के लिए प्रयास किए जा रहे है। लेकिन पानी किस तारीख को छूटेगा,इस बारे में कुछ बता नहीं सकते।

**चैतन्य चौहान**
**कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग श्योपुर**

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की शिकायत करने की बात पर हुआ विवाद

# गांवड़ी गांव में दो पक्षों के बीच लाठी डंडे चले, चार जख्मी, क्रॉस केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र के गांव गांवडी में बीती शाम को दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनो पक्ष के लोगों के बीच जमकर लाठी डंडे चल गए। इसमें दोनों पक्ष के चार लोग घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। यह विवाद गांव की आंगनवाडी कार्यकर्ता की शिकायत किए जाने की बात को लेकर हुआ। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम गांवडी में राजबहादुर मीणा की पत्नी आंगनवाडी कार्यकर्ता है। जिसकी शिकायत चौथमल गुर्जर के पक्ष के लोग आए दिन करते है। जब राजबहादुर मीणा और उसके परिवार के लोग शुक्रवार को चौथमल के घर पहुंचे और कहा कि तुम बार बार आंगनवाडी की शिकायत क्यों करते रहते हो, इस पर दूसरे पक्ष के लोग बोले कि आंगनवाडी केन्द्र के संचालन में गडबडी दिखेगी तो हम उसकी शिकायत जहां मर्जी होगी, वहां करेगे। इसके बाद विवाद में इतना बढ गया कि दोनों पक्ष के लोगों के बीच आपस में लाठी डंडे चल गए। इस दौरान एक तरफ से राजबहादुर और उसका साला पवन घायल हो गए,वहीं दूसरी तरफ से चौथमल और धर्मराज जख्मी हो गए। देहात थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि दोनो पक्ष के घायलों को जिला अस्पताल में दाखिल कराते हुए दोनों पक्षों पर क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। राजबहादुर मीणा पुत्र मंशाराम मीणा की रिपोर्ट पर हनुमान गुर्जर, चौथमल गुर्जर, धर्मराज गुर्जर, नरेन्द्र गुर्जर के खिलाफ तथा चौथमल गुर्जर पुत्र तेजराम गुर्जर की रिपोर्ट पर बहादुर मीणा,पवन मीणा, मोहित मीणा, महावीर मीणा के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।



#### खेत से ट्रैक्टर निकालने की बात पर कर दी मारपीट

**श्योपुर।** मानपुर थाना क्षेत्र के गांव मुदालापाडा में खेत से ट्रैक्टर निकालने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान फरियादी हरिबल्लभ मीणा नामजद आरोपियों ने एक राय होकर लाठी और लोहे की पंपी से मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में फरियादी हरिबल्लभ मीणा की रिपोर्ट पर जुगराज, हरिओम, रामप्रसाद, राजू जाति माली निवासी बनवाडा के खिलाफ मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

## पूरे दिन शहर में माता की प्रतिमाओं के विर्सजन का दौर चला, निकला चल समारोह

# भक्तों ने माता को नम आंखों से दी विदाई







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नवरात्रि महापर्व के समापन के पश्चात जब माता को विदाई देने की बारी आई तब श्रद्धालुओं ने माता की भक्ति करने के बाद शहर के तुलसी सरोवर पर बनाए गए विर्सजन कुण्ड के जल में नम आंखों से विदाई दी। नवरात्रि महापर्व पर 100 से अधिक प्रतिमाएं रात से लेकर पूरे दिन तुलसी सरोवर पर पहुंची। शहर की सड़कों पर झांकी आयोजकों को वाहन में माता को विराजमान कर विर्सजन के लिए ले जाते हुए देखा गया। नांचते गाते हुए भक्तों की टोलियां सड़कों पर नजर आईं। माता के विर्सजन के साथ ही नवरात्रि महापर्व का समापन हो गया है।

नवरात्रि पर्व शहर के सबसे बड़े पर्वों में से एक है इस महापर्व पर शहर में अनगिनत माता की झांकियां लगाई गईं थीं। इन झांकियों में माता के विभिन्न स्वरूपों को नवरात्रि पर्व के 10 दिनों तक भक्ति भाव से पूजा अर्चना की गई। नवरात्रि पर्व के समापन से बीती रात से ही माता की प्रतिमाओं को तुलसी सरोवर पर प्रशासन द्वारा बनाए गए विर्सजन कुण्ड पर विसर्जित करते हुए देखा गया। इस दौरान प्रशासन का अमला और एसडीआरएफ





की टीम पूरे समय तुलसी सरोवर के विसर्जन कुण्ड पर तैनात रही। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिं कंवर ने बताया कि अशोकनगर शहर के साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी प्रतिमाओं को यहां विसर्जन के लिए लाया गया था गांव के लोग शहर में प्रतिमाएं विसर्जन के आ रहे है वहीं शहर के लोग गांव में माता की प्रतिमाओं को विसर्जन करने जा रहे हैं।

शहर में पहले रात्रि में दुर्गा विसर्जन चल समारोह के रूप में सभी झांकियों को एक साथ निकाला जाता था तब पूरे शहर में एक बड़ा उत्सव नजर आता था। शहर में जगह जगह भण्डारें के आयोजन होते थे और पूरी रात लोग इस चल समारोह में शामिल होकर इसे एक नया रूप प्रदान करते थे। चल समारोह में हर झांकी के साथ आयोजक कोई ने कोई कार्यक्रम सांस्कृतिक रूप से करते हुए चलते थे। सुबह 9 बजे तक सारी प्रतिमाओं को विसर्जन हो जाता था। लेकिन अब यह आयोजन पहले जैसा नहीं होता प्रतिमाएं विसर्जन के लिए तो ले जाई जाती हैं लेकिन पहले जैसी एकरूपता नजर नहीं आती। हर झांकी आयोजन अपनी अपनी सुविधा के अनुसार प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाते हुए देखा गया। किसी को रात में प्रतिमा विसर्जन के लिए देखा गया।

शहर में माता की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाने के दौरान सड़कों पर महिलाओं, बच्चों और युवाओं को गाजे बाजे और डीजे बेण्ड के नांचते गाते हुए देखा गया। तरह तरह की गुलाल सड़क पर उडती रही। इन प्रतिमाओं में कईं छोटे आकार की थीं तो कईं बड़े आकार की थीं। जिंद बाबा समिति की झांकी में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं और माता को विदाई देने पहुंची। इस झांकी की प्रतिमा को मुल्लाखेड़ी के तालाब में विसर्जित की गई। अशोकनगर शहर के विसर्जन कुण्ड के अलावा भादौन की नदी, तूमैन की त्रिवेणी नदी और अखेबर घाट पर भी लोगो ने माता को जल में विसर्जित किया। इस तरह नवरात्रि महापर्व का समापन हो गया है। एक दिन पहले तक शहर के चैराहे और गली मोहल्लों मे रौनक थी अब वह वीरान हो गए हैं, गली मोहल्ले और सड़के रोशनी से जगमगा रही थीं वह अब फीकी पड़ गई हैं।

### माता के जेवरों की नीलामी हुई

जिंद बाबा समिति की झांकी में देवी मां को 40 लाख के आभूषण पहनाए गए थे। इन आभूषणों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा गार्ड भी लगाए गए थे जो नवरात्रि पर्व के दस दिनों तक इन जेवरों की सुरक्षा करते रहे। विसर्जन से पहले माता के जेवरों की नीलामी की गई। जिसमें से 30 लाख के जेवरों की नीलामी हो चुकी है। श्रद्धालु इन्हे नीलामी से अपने घर ले गए। झांकी संयोजक महेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि शेष 10 लाख के जेवरों की नीलामी और की जाएगी।

### युवक की डूबने से मौत

जिले के मुंगावली तहसील के अंतर्गत ग्राम फजलपुर निवासी कमलसिंह पुत्र हीरालाल बागड़ी उम्र 25 वर्ष की वेतवा नदी में विसर्जन के लिए जाने के दौरान डूबने से मौत हो गई थी। इस घटना की जानकारी सामने आने के बाद एसडीआएफ की टीम सर्चिंग अभियान में लगी रही। घटना के अगले दिन मृतक का शव एसडीआएएफ की टीम ने पानी से बाहर निकाल लिया।

## माता पिता की आंखें हुई नम

# 54 लाख का पैकेज छोड़कर पीयूष ने बैराग्य का मार्ग अपनाया



**अशोकनगर।** बहादुरपुर के पीयूष जैन के 54 लाख के पैकेज की नौकरी छोड़कर बैराग्य का पथ अपना लिया है । विजयादशमी के दिन उन्होंने पूज्य मुनि सुधासागर जी महाराज के पास पहुंचकर यह पथ अपनाया। पुणे में बतौर सॉफ्टवेयर इंजीनियर पीयूष जब शिविर में अशोकनगर आये तो किसी ने भी नही सोचा था कि इनके मन में क्या चल रहा हैं किंतु शिविर के दरम्यान जब उन्होंने जगत पूज्य के मुखारबिंद से मुनि के स्वरूप को सुना और समझा तब उनके स्वभाव से यह जरूर लगने लगा था कि अब यह कुछ न कुछ कर गुजरने की तैयारी करने लगें है। मगर क्या इस बात से उनके साथ रहने वाले उनके ही मित्र व कजिन भाई भी नही समझ पाए- शिविर के दौरान ही पीयूष ने जगत पूज्य से ब्रह्मचर्य व्रत मांगा और एक वर्ष के लिये व्रत भी लिया मगर उन्हें संतोष न हुआ वह पूना चल गए। सर्विस छोड़ने के लिये जितनी भी आवश्यक कार्यवाही करनी पड़ती हैं पूरी की और अशोकनगर आकर गुरु चरणों मे ही रुक गए। जगत पूज्य के पास रहते हुए उन्हें दो दिन हो गए थे तब सभी के कहने पर उन्होंने अपने घर बहादुरपुर फोन किया ताकि परिवार को जानकारी हो सकें- जैसे ही पिता जी और माँ को सूचना मिली उन्होंने आकर पीयूष को बहुत समझाया पर पीयूष की आस्था अब संयमित मार्ग की ओर हो गयी थी सो वे नही मानें ओर संघ में प्रवेश लेने की आज्ञा देने की गुहार माँ बाप से करने लगें क्योंकि जगतपूज्य किसी भी ब्रह्मचारी को तब तक संघ में स्थान नही देते जब तक परिवार की आज्ञा न हो।परिवार ने जब पीयूष की मंशा को जान लिया तो जगत पूज्य के चरणों में इस बात का श्रीफल समर्पित कर गए कि आप पीयूष को संघ में रखकर उनके जीवन का कल्याण कीजिये। इस प्रकार कल दशहरा के पुण्य क्षणों में पीयूष ने अपना सर्वस्व समर्पित करते हुए गुरुश्रेष्ठ के चरणों में स्थान पा लिया।

### कलेक्टर ने गूगल मीट के माध्यम से की खाद वितरण की समीक्षा



**अशोकनगर।** रबी सीजन 2025 हेतु कृषकों को खाद वितरण की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में गूगल मीट के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाद वितरण व्यवस्था जिले में समुचित रूप से सुव्यवस्थित रहे यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में डबल लॉक एवं सोसायटियों के माध्यम से खाद वितरण व्यवस्था,भण्डारण तथा मांग एवं रैक की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस.सिसौदिया सहित संबंधित उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी संकुल प्राचार्यो को निर्देश दिए कि आगामी बैठक में पिछले वर्ष कक्षा 10वी एवं कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम की जानकारी पीपीटी में संकलित कर प्रस्तुत की जाए। उन्होंने विद्यालयों के सफल संचालन हेतु स्कूल में शिक्षिकों की नियमित उपस्थिति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में आवश्यक मरम्मत कार्य कराये जाने हेतु मरम्मत राशि का उपयोग किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए बर्तन का क्रय कर व्यवस्था कराई जाए। ब्लॉक स्तर पर बैठकों का आयोजन कर स्कूल संचालन एवं शिक्षिकों की समस्याओं का निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में संदीपनि विद्यालयों के भवनों की अद्यतन स्थिति, परिवहन सुविधा, स्कूलों का भ्रमण, परामर्शदात्री समिति की बैठकों के आयोजन के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

# 'महान आत्माएं निंदा भी करती हैं तो बहुत संभालकर व बहुत अच्छी भाषा में करते हैं'






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महान आत्माएं निंदा भी करती हैं तो भी बहुत संभलकर और बहुत अच्छी भाषा में करती हैं। निंदा कोई बुरी चीज नहीं है महान आत्माएं निंदा करते हुए भी सुधारने का भाव रखती है क्योंकि निंदा का उद्देश्य कभी किसी को नीचे गिराना नहीं होता वल्कि उसे पुनः अपने मार्ग में स्थित करना होता है और होना ही चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि निंदा का उद्देश्य किसी को मार्ग से भटकाना मार्ग से ही बेदखल करना हो गया तो वह कभी सुधर नहीं पायेगा। शुद्ध भाव नहीं शुद्ध भोजन करना अनिवार्य कहा गया है। इसमें भी देने वाला शुद्ध हो और जिस स्थान पर भोजन दिया जा रहा है जहां वन रहा है वह भी शुद्ध होने का उल्लेख किया गया है। यह सब चीजें तो अनादि अनंत से चली आ रही है इसलिए तो कहा गया है जैसा खावें अन्न वैसा होवे मन। अन्न से मन को जोड़ा गया है मन की शुद्धि के लिए भी भोजन की शुद्धि अनिवार्य है।

स्नातक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि धर्म ध्यान के साथ ही आर्त ध्यान और रोद्र को भी ध्यान में लिया गया है। वैसे आर्त ध्यान, रोद्र ध्यान को अच्छा नहीं माना जा सकता। ज्ञान और ध्यान का प्रसंग है ज्ञान के साथ ध्यान किया जाता है तो वह परिणाम देता है। उन्होंने कहा कि धन को ही धनी नहीं कहा जा सकता धनी धन के बिना भी हो सकता है। धन का नाम धनी ज्ञान के बिना ज्ञाता नहीं है। ध्यान चारित्र की पर्याय है ज्ञान नहीं है आनंद लेने वाला ज्ञान है या ज्ञानी छहडाला कार ने ज्ञानी के छिन माह विषय शब्द आया है। योग जो हो रहें हैं वह मन को एकाग्र कराने का मार्ग है ध्यानाभाष है। ध्यान अलग चीज नहीं है व्यक्ति को अनैतिकता से बचाने के लिए कोई कार्य करता है तो ठीक है।

### खुले अधिवेशन में युवा मनीषी रखेंगे अपने विचार

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि हम सब भारत वर्ष से पधारे युवा मनिषीयो को सुन रहे हैं इनके शोध परख लेखों को सुनकर सभी का मन गद गद हो रहा है। कल हम सब इन युवा मनिषीयो को खुले अधिवेशन में सुन सकेंगे और इनके अंदर जो आने वाली चुनौतियां हैं उनके समाधान का भाव है उसे देखेंगे। साथ ही श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी द्वारा सभी युवा विद्वानो व विदुशीयो का बहुमान किया जायेगा। कई दौरान ये मनीषी अपने वर्षो तक किये गए गहन चिंतन मनन को परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सानिध्य में रखेंगे ये गौरव भी हमारे नगर को मिलने जा रहा है।

# खाद न मिलने से किसान में आक्रोश मौके पर पहुंचे तहसीलदार

## खाद वितरण करने वाले अधिकारियों को फटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के किसान तमाम प्रयासों के बाद भी खाद न मिलने से परेशान हैं। सरकारी आंकड़े भले ही खाद वितरण और खाद होने की बात कर रहे हो लेकिन मौजूदा स्तर पर किसान खाद न मिलने से आक्रोश में है। ऐसा ही नजारा पुरानी कृषि उपज मंण्डी की सोसायटी की गोदाम पर देखने मिला। किसानों ने आरोप लगाया कि उन्हें 3 दिन बाद भी खाद नहीं मिल पा रहा है। खाद न मिलने की सूचना पर तहसीलदार मौके पर पहुंचे और मौजूदा स्थिति को देखते हुए खाद वितरण करने वाले कर्मचारियों को फटकारा। इस दौरान भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने दो दिन पहले किसानो को खाद न मिलने को लेकर डीएपी खाद न मिलने को लेकर पत्रकारों से चर्चा की। उस समय उन्होने कहा था कि यहां की सरकारी गोदामों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। उसके बाद भी खाद नहीं दिया जा रहा है ऐसा लगता है कि किसानो को परेशान करने की नीति बना रखी है। शुक्रवार को राजस्व विभाग और कृषि विभाग के अधिकारी ने पुरानी कृषि उपज मण्डी में किसानों को पर्ची वितरण की और बताया गया कि इस पर्ची के आधार पर किसानों को 6 नवंबर को निर्धारित डीएपी विक्रेताओं से खाद उपलब्ध कराई जाएगी। परन्तु किसानों में अभी शंका है कि एक पर्ची पर किसान को कितनी मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाएगी। खाद की पर्ची लेने किसान सुबह 4 बजे से कतारों में लग गए थे जब 11 बजे पर्चीयों के वितरण के समय किसानों का हंगामा हुआ और धक्का मुक्की हुई तब व्यवस्थाओं को नियंत्रित करने के



लिए अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाना पड़ा। किसान अधिक और पर्ची बनाने के लिए कर्मचारी कम होने से किसानों को परेशान होना पडा। जब दोपहर 12 बजे कुछ किसानो ने अपने पर्चे जनप्रतिनिधियों को फोन लगाया तब अशोकनगर के नगरपालिका में प्रतिपक्ष के नेता रीतेश जैन आजाद ने एक टेंकर पानी किसानों को पीने के लिए उपलब्ध कराया। इसी दौरान भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष भी एक टेंकर पानी लेकर कृषि उपज मण्डी पहुंचे और किसानो को पानी उपलब्ध कराया। पर्ची लेने आए किसान पूरे समय चिलचिलाती धूप में पर्ची लेने के लिए लाईन में खड़े रहे। इस दौरान खजूरिया से आए कृषक राजकुमार रघुवंशी ने कहा कि किसानों को मुंह देखकर डीएपी खाद का वितरण किया जा रहा है। जिले में जो सोसाइटीयों से खाद का वितरण किया गया था वह इसका जीता जागता उदाहरण था। इस दौरान किसानों के बीच लाईन में लगने पर धक्का मुक्की और मारपीट हो गई। जिसकी सूचना मिलने के बाद सिटी कोतवाली के टीआई आरपीएस चैहान मौके पर पहुंचे और मारपीट करने वाले किसानो को समझाइश दी।

# झांकियों का चल समारोह राजपुर कस्बे में निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर

शुक्रवार को झांकियों का चल समारोह राजपुर कस्बे में निकाला गया। इस बार दस दिनों तक नव दुर्गा महा उत्सव चला जो हर रोज आकर्षक का केन्द्र रहा। नवी को माता रानी की झांकी पर भवन पूजन कन्या भोजन का आयोजन किया गया। दसवें दिन सभी झांकी हनुमान चोराह रामलीला मैदान पर पहुंची वहां से डी जे की धुन पर नाचते गाते हुए माता रानी के जय कारें लगाते हुए गांव के मुख्य मार्गों से चल समारोह निकाला गया।

गांव की गलियों में पहुंचते हुए गांव वासियों ने माता रानी की झांकी पर पुष्प अर्पित कर आरती जगह-जगह उतारीं। देर शाम चल समारोह रेपरी रोड चोराहा पर पहुंचां वहां पर रावण दहन का आयोजन किया गया। जिसमें 21फुट रावण के पुतले का दहन किया गया। इसके बाद रात्रि को झांकी विसर्जन के लिए छीपोन सड़क मार्ग नदी किनारे पहुंच कर विसर्जन किया गया।



### पिपरई में भी भक्ति भाव से माता की प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ

जिले के पिपरई कस्बे में तहसीलदार अनीश धाकड़ और नपा के सीएमओ अशोक वर्मा और कर्मचारियों की उपस्थिति में मैनखेड़ा तालाब पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस मौके पर प्रतिमाओं को भक्ति भाव से पूजा अर्चना के साथ जल में अर्पित किया गया।

## राज्य अभिषेक में कलाकारों को दिए पुरस्कार


# रामलीला में राम ने किया रावण का वध लक्ष्मण ने ग्रहण की नीति शास्त्र शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा की जा रही रामलीला के अंतिम दिन रावध वध का मंचन दिखाया गया। जहां राम के तरकस से निकले तीर ने रावण का अंत कर दिया। इस मौके पर राम के राज्याभिषेक का सुंदर मंचन दिखाया गया। आयोध्या में खुशियां मनाई गईं। राम के राज्याभिषेक के साथ पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक हरीबाबू राय, नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया और एसडीओपी विवेक शर्मा ने कलाकारों को सम्मान स्वरूप पुरूस्कार प्रदान किए।

लीला के प्रथम दृश्य में रावण को उसके पुत्र अहिरावण के मरने की सूचना मिलती है रावण बहुत दुखी होता है और युद्ध में स्वयं





जाने का निर्णय लेता है राम रावण का बहुत ही शानदार युद्ध मंचन का दिखाया गया। युद्ध में बार-बार प्रयास करने पर भी रावण नहीं मरता है तब विभीषण द्वारा राम जी को रावण की नाभि में अमृत होने की बात बतलाई जाती है तभी राम जी नाभि में प्रहार करते हैं और रावण राम राम कहकर जमीन पर गिर जाता है। राम जी लक्ष्मण जी से रावण से नीति शास्त्र का ज्ञान लेने को भेजते हैं रावण शिक्षा देते हुए कहते हैं अच्छा काम जितने जल्दी हो सके कर लेना चाहिए और गलत काम जितना टाल सके उतना टाल दिया जाना चाहिए। साथ ही रावण ने कहा अभिमान किसी भी रूप में हो सदा बहुत बुरा होता है चाहे रंग का हो या रूप का अथवा राज का भक्ति का या शक्ति का हो, इसलिए कभी अभिमान नहीं करना चाहिए। रावण मरण के बाद रामजी अयोध्या वापिस लौटते हैं जहां प्रभु श्री राम का राज्याभिषेक किया जाता है अयोध्या में खुशियां मनाई जाती हैं। इस दौरान प्रभु श्री राम की राम के राज्याभिषेक पर आरती अतिथियों द्वारा की गई। इस दौरान गया प्रसाद कलाकार मण्डल के अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह यादव, उपाध्यक्ष प्रमोद जैन, सचिव रजनीश सिंघई, कोषाध्यक्ष गोविन्द गुप्ता के साथ प्रमेन्द्र शर्मा, अर्जुन चौधरी आदि के द्वारा आरती की गई।

## तीनों प्लेटफार्म की एक जैसी स्थिति

# अशोकनगर में स्टेशन पर पीने के पानी का नहीं कोई इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर स्टेशन पर तीन प्लेटफार्मो में से किसी भी नल मे पानी नहीं मिल रहा है केवल एक नल स्टेंड पर एक वाटर कूलर से यात्री अपनी प्यास बुझा रहे हैं। स्वतंत्रता के बाद पहली बार भारत सरकार ने रेल यात्रियो को स्टेशनो पर करोडो रुपये खर्च करके आधुनिक सुविधाओ से निर्माण कार्य करवा कर आधुनिक सुविधाए दे रही है जिससे यात्रियो को स्टेशन पर किसी प्रकार की परेशानी न हो। परंतु कुछ संबंधित अधिकारियो की मनमानी लापरवाही के कारण आज भी रेल यात्रियो को स्टेशनो पर मूलभूत सुविधाए नही मिल पा रही है।

अशोकनगर स्टेशन पर यात्रियो की पीडा को रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य सुनील आचार्य ने संबंधित अधिकारी को अवगत कराया तो उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियो को भृमित करने बाला



संदेश दिया। अशोकनगर स्टेशन पर पर्याप्त पानी है जबकि वीडियो मे साफ दिखाई दे रहा है कि पुराने नल स्टेंडो मे भी पानी नही केवल प्लेटफार्म 1 के एक नल स्टेंड और वाटरकूलर मे पानी आ रहा है जो स्टेशन प्रबंधक कार्यलय के पास है। सुनील आचार्य ने कहां यात्रियो ने बताया कि यह नलो मे पानी किसी बडे अधिकारी के आने पर ही आता है, क्या स्टेशन पर मिलने बाली सुवि धाये यात्रियो के लिए है या वरिष्ठ अधिकारियो के लिए जिनके आगमन पर ही ये सुविधाए स्टेशन पर चालू की जाती है।